CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 331 | बिजौलिया - शनिवार, 13 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

# सड़क हादसों पर सरकार सख्त: सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन बनाने के निर्देश

## गुड समेरिटन सम्मान राशि दोगुनी, स्कूलों में सड़क सुरक्षा शिक्षा और बीएलएस प्रशिक्षण पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और जनजीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रोडमैप तैयार किया है। उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सभी विभागों को समन्वित प्रयासों के साथ सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन का स्वरूप देने और हादसों की रोकथाम के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

शासन सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा परिषद की 22वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. बैरवा ने सड़क सुरक्षा नियमों के सख्त पालन, दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित सहायता और



सड़क सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में केंद्र सरकार की पीएम राहत योजना तथा राज्य की 10 वर्षीय सड़क सुरक्षा कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

उपमुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले 'गुड समेरिटन' को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान राशि 5 हजार से बढ़ाकर 10 हजार रुपये करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 340 लोगों को इस योजना के तहत सम्मानित किया जा चुका है।

बैठक में विद्यालयों और महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा शिक्षा को मजबूत बनाने, शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देने, भारी वाहन चालकों के लाइसेंस नवीनीकरण के दौरान प्रशिक्षण अनिवार्य करने तथा सभी जिलों के शिक्षण संस्थानों में बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया गया।

डॉ. बैरवा ने राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर स्कूलों, अस्पतालों और आबादी क्षेत्रों के पास आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने, यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई, बसों की नियमित फिटनेस जांच और वाहन चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और सख्त प्रवर्तन से ही दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है।

बैठक में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस), सड़क सुरक्षा मित्र योजना और मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर अपने सुझाव और कार्य योजनाएं प्रस्तुत कीं।

# हाईवे पर अचानक सामने आई गाय अनियंत्रित होकर खाई में गिरी इनोवा




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

नेशनल हाईवे-27 पर सलावटिया गांव के निकट शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब तेज रफ्तार इनोवा कार के सामने अचानक गाय आ गई। चालक ने गाय को बचाने के लिए वाहन मोड़ा, लेकिन संतुलन बिगड़ने से कार सड़क से उतरकर नीचे खाई में जा पलटी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना तेज था कि कार पलटते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। हालांकि राहत की बात यह रही कि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार हरियाणा नंबर की इनोवा कार मेहसाणा से कोटा की ओर जा रही थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची तथा बचाव कार्य शुरू किया। बाद में क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहन को खाई से बाहर निकाला गया।

हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा, लेकिन समय रहते राहत कार्य होने से स्थिति सामान्य हो गई।

# 2011 से पहले जन्मे बच्चों के नाम अब बर्थ सर्टिफिकेट में नहीं जुड़ेंगे

## पांच साल की विशेष छूट अवधि समाप्त, प्रदेशभर में रुकी प्रक्रिया

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में उन परिवारों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं, जिन्होंने अपने बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र में अब तक नाम दर्ज नहीं करवाया है। विशेष रूप से वर्ष 2011 से पहले जन्मे बच्चों के मामलों में अब नाम जोड़ने की प्रक्रिया बंद हो गई है। भारत सरकार द्वारा दी गई विशेष छूट अवधि समाप्त होने के बाद प्रदेश की नगरीय निकायों और नगर निगमों में ऐसे आवेदनों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2000 के तहत बिना नाम के जारी जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे का नाम दर्ज करवाने के लिए 15 वर्ष की समय-सीमा निर्धारित है। इसके बाद सामान्य परिस्थितियों में नाम जोड़ने का प्रावधान नहीं है।




हालांकि, भारत सरकार ने वर्ष 2021 में ऐसे मामलों के लिए विशेष राहत देते हुए 15 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के नाम जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज करवाने हेतु पांच वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की थी। यह विशेष अवधि अप्रैल 2026 में समाप्त हो गई है। इसके चलते अब प्रदेशभर में 15 वर्ष से अधिक आयु वाले बच्चों के नाम जन्म प्रमाण पत्र में जोड़ने की प्रक्रिया रोक दी गई है।

वहीं, राज्य सरकार ने पहचान पोर्टल के माध्यम से उन परिवारों को संदेश भेजना शुरू किया है, जिनके बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र में अब तक नाम दर्ज नहीं हुए हैं। ऐसे करीब छह लाख प्रकरण चिन्हित किए गए हैं। इनमें अधिकांश बच्चे वर्ष 2011 के बाद जन्मे हैं और उनके अभिभावकों को निर्धारित समयावधि के भीतर नाम दर्ज करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र में अभी तक नाम दर्ज नहीं हुए हैं, वे समय रहते आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक या दस्तावेजी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# डॉक्टर से 90 लाख की फिरौती मांगने के मामले में 15 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सुभाषनगर थाना पुलिस ने शिवम हॉस्पिटल के डॉक्टर से 90 लाख रुपये की फिरौती मांगने और धमकी देने के चर्चित मामले में कार्रवाई करते हुए 15 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में शामिल छह आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

थाना प्रभारी कैलाश कुमार विश्नोई ने बताया की 17 फरवरी को शिवम हॉस्पिटल से जुड़े डॉक्टर अभिषेक पंवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके मोबाइल पर विभिन्न नंबरों से व्हाट्सएप मैसेज और ऑडियो संदेश भेजकर बदनाम करने, वीडियो वायरल करने तथा जान से मारने की धमकी देते हुए 90 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। रिपोर्ट के आधार पर सुभाषनगर थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

अनुसंधान के दौरान पुलिस ने इस संगठित अपराध में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। जांच में सामने आया कि वांछित आरोपी सिकंदर उर्फ लोटरी को छिपाने और शरण देने में सतुलाल माली की भूमिका रही। घटना के बाद से फरार चल रहे सतुलाल की गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

साइबर सेल की तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर पूछताछ की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी से मामले में आगे की पूछताछ कर रही है।

गिरफ्तार आरोपी सतुलाल माली (25) पुत्र भैरूलाल माली, निवासी वार्ड नंबर 41, शिव मंदिर के पास, विजय सिंह पथिक नगर है

पुलिस ने बताया की गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में मारपीट, लूट, अपहरण, हत्या के प्रयास, फिरौती और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े कई प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज रहे हैं। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड सुभाषनगर, कोतवाली, सदर भीलवाड़ा तथा प्रतापगढ़ जिले के धरियावद थाने तक फैला हुआ है।

कार्रवाई में साइबर सेल के सत्यनारायण शर्मा व राधेश्याम, हेड कांस्टेबल भैरूलाल तथा कांस्टेबल नरेश कुमार और सत्यपाल की विशेष भूमिका रही।

# पंचायत की सख्ती: किराया वसूली अभियान में 6 दुकानें सीज, 3.17 लाख वसूले





**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

ग्राम पंचायत पंडेर ने पंचायत की दुकानों का लंबे समय से बकाया किराया जमा नहीं कराने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को छह दुकानों को सीज कर उन पर ताले लगा दिए। कार्रवाई के दौरान पंचायत प्रशासन ने ₹3.17 लाख का बकाया किराया भी वसूल किया। इस दौरान कुछ दुकानदारों और पंचायत प्रशासन के बीच विवाद की स्थिति भी बनी, जिसे पुलिस ने समझाइश कर शांत कराया।

जानकारी के अनुसार पुराने बस स्टैंड स्थित ग्राम पंचायत की करीब 25 दुकानों में से कई दुकानदारों का किराया लंबे समय से बकाया चल रहा था। पंचायत प्रशासन द्वारा बार-बार नोटिस और सूचना देने के बावजूद किराया जमा नहीं होने पर उपखंड अधिकारी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान पूर्व सरपंच ममता जाट के पति एवं कांग्रेस नेता मुकेश जाट ने कुछ दुकानदारों के साथ इसका विरोध किया। इस दौरान पंचायत प्रशासन और विरोध कर रहे लोगों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। बाद में पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया।

**एक माह तक चलेगा वसूली अभियान**

ग्राम विकास अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि बकाया किराया वसूली अभियान एक माह तक जारी रहेगा। जो दुकानदार किराया जमा कर देंगे, उन्हें रसीद देकर दुकान का ताला खोल दिया जाएगा। निर्धारित अवधि तक किराया जमा नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**विरोध में उतरे पूर्व सरपंच**

वहीं पूर्व सरपंच ममता जाट ने पंचायत की कार्रवाई को नियम विरुद्ध बताते हुए कहा कि पहले समय पर किराया वसूलने की व्यवस्था नहीं की गई और अब एक साथ कई महीनों का किराया मांगकर दुकानों पर ताले लगाना दुकानदारों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा करने जैसा है। उन्होंने कहा कि व्यापार बंद होने के बाद दुकानदार किराया कैसे जमा कर पाएंगे, इस पर भी प्रशासन को विचार करना चाहिए।

# अवैध बजरी खनन के खिलाफ बड़लियास पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



(रोशन ) अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना बड़लियास ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बनास नदी क्षेत्र से अवैध बजरी परिवहन में संलिप्त तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया।

थाना बड़लियास पुलिस द्वारा दिनांक 12 जून 2026 को तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने सरहद रेण, सोलकियों का खेड़ा तथा आकोला क्षेत्र में बनास नदी से अवैध रूप से बजरी का परिवहन करते पाए जाने पर तीन स्वराज ट्रैक्टर मय ट्रॉली को जब्त किया। इस संबंध में तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

कार्रवाई को सफल बनाने के लिए थाना बड़लियास से तीन अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। पहली टीम का नेतृत्व सउनि गोपाल सिंह ने किया, जिनके साथ कांस्टेबल हरवीर एवं नाहर सिंह मौजूद रहे। दूसरी टीम में हेड कांस्टेबल सांवलदान के साथ कांस्टेबल दिनेश कुमार लक्षकार एवं मुकेश कुमार शर्मा शामिल रहे। वहीं तीसरी टीम का नेतृत्व हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार ने किया, जिनके साथ कांस्टेबल हरवीर एवं हरिओम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया कि अवैध खनन एवं बजरी परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

CMYK

# बिजोलिया में शहरी सेवा शिविर अभियान का शुभारंभ, पहले दिन ही कई मामलों का मौके पर निस्तारण




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिका बिजौलिया द्वारा शुक्रवार को 'शहरी सेवा शिविर अभियान-2026' का शुभारंभ नगर पालिका सभागार में किया गया। अभियान के प्रथम दिन नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।


शिविर के दौरान भूमि एवं पट्टा संबंधी मामलों, भवन निर्माण स्वीकृति, जन्म-मृत्यु पंजीयन, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था सहित अन्य नागरिक समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त किए गए, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कई मामलों का समाधान किया गया। साथ ही राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लोगों को लाभान्वित किया गया। नगर पालिका प्रशासन की ओर से एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था को नागरिकों ने सराहा। शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि शहरी सेवा शिविर अभियान के तहत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी दिनों में भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में शिविरों में भाग लेकर सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# विश्वकल्याण की कामना से महायज्ञ में आहुतियां, माखन चोरी प्रसंग ने मोहा मन

## हनुमान टेकरी आश्रम में श्री विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ का पांचवां दिन, रासलीला में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर छोटी हरणी स्थित हनुमान टेकरी आश्रम में महंत बनवारीशरण काठियाबाबा के सान्निध्य में आयोजित सप्तदिवसीय 11 कुंडीय श्री विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ के पांचवें दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने विश्वकल्याण, सुख-समृद्धि और प्राणी मात्र के मंगल की कामना से यज्ञ में आहुतियां दीं। महायज्ञ में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में यजमान और श्रद्धालु शामिल हुए।

महायज्ञ के तहत वेदाचार्य पंडित मुकेश शास्त्री के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ अनुष्ठान संपन्न हुए। प्रत्येक यज्ञ वेदी पर यजमानों के साथ लक्ष्मी स्वरूपा कन्याओं ने भी आहुति देकर सर्वजन कल्याण की प्रार्थना की। अनुष्ठान के अंत में आरती, पुष्पांजलि, यज्ञ मंडप की परिक्रमा और प्रसाद वितरण किया गया।

महायज्ञ के साथ चल रही श्री राधा रासेश्वरी रासलीला मंडल, वृंदावनधाम मथुरा की प्रस्तुतियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। गुरुवार रात्रि आयोजित रासलीला में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के अंतर्गत माखन चोरी प्रसंग का सजीव मंचन किया गया। कान्हा द्वारा गोपियों के घरों से माखन चुराने और गोपियों द्वारा माता यशोदा से शिकायत करने के प्रसंगों को कलाकारों ने भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया, जिस पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

रासलीला का शुभारंभ भोपाल से पधारे शालिग्राम महाराज, वृंदावन के श्रीश्याम शरण महाराज, समाजसेवी मंजू पोखरना, बनवारीलाल कोगटा एवं सांवरमल जाट द्वारा ठाकुरजी की आरती के साथ हुआ। दामोदरदास काठियाबाबा के निर्देशन में 16 कलाकारों की मंडली द्वारा प्रस्तुत रासलीला में यशोदा, राधा और गोपियों की भूमिकाएं भी पुरुष कलाकारों ने निभाईं।

आयोजकों ने बताया कि महायज्ञ प्रतिदिन प्रातः 8 से दोपहर 12 बजे तक तथा रासलीला प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से आयोजित की जा रही है। महायज्ञ का समापन रविवार को पूर्णाहुति के साथ होगा।

# ग्रामीण सेवा शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, लाभार्थियों को वितरित किए पट्टे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को आसींद क्षेत्र की ग्राम पंचायत परासोली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए सेवा काउंटरों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

शिविर में ग्रामीणों ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्रामीणों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई। शिविर के बाद जिला कलेक्टर ने आसींद नगरपालिका परिसर का दौरा किया, जहां उन्होंने लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया। इस अवसर पर जब्बर सिंह, गोपाल कुमावत, विकास कुमावत, अनिल सिंह तंवर सहित नगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविरों का बहिष्कार, मंत्रालयिक कर्मचारियों का पेन डाउन आंदोलन तीसरे दिन भी जारी

## विभिन्न मांगों को लेकर विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, प्रदेशव्यापी आह्वान पर आंदोलन तेज



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**(दिनेश पारीक)।** पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के प्रदेशव्यापी आह्वान पर पंचायत समिति के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने ग्रामीण सेवा शिविरों का बहिष्कार करते हुए शुक्रवार को विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने शिविरों में मंत्रालयिक कार्मिकों की ड्यूटी लगाए जाने का विरोध जताते हुए अपनी विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में आंदोलन जारी रखा।

ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार पारीक ने बताया कि आंदोलन के तीसरे चरण के तहत लगातार तीसरे दिन सभी ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति एवं जिला परिषद कार्यालयों में आधा कार्य दिवस पेन डाउन रखा गया। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में स्वतंत्र कार्य विभाजन, कैडर रिव्यू, नेशनल बेनिफिट, अंतरजिला स्थानांतरण, हार्ड ड्यूटी भत्ता एवं अतिरिक्त पंचायत भत्ता शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि मांगों के समाधान तक संगठन का आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान प्रदेश प्रतिनिधि सत्यनारायण गुर्जर, सांवरमल तेली, संजू काबरा, नन्दलाल कुमावत, पोखरलाल किर सहित बड़ी संख्या में मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद रहे।

# महेश प्रो कबड्डी में भोपालगंज टीम रही विजेता, सुभाष नगर टीम उपविजेता

## महेश प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन, रोमांचक मुकाबलों ने बांधा समां, खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में आयोजित महेश प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन उत्साह, खेल भावना और रोमांचक मुकाबलों के बीच सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन दर्शकों की भारी उपस्थिति रही तथा खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। नगर मंत्री सुरेश चन्द्र बिड़ला व सहसंयोजक केजी राठी व अर्चित मून्द्रडा ने बताया की महेश प्रो कबड्डी में फाइनल मुकाबला सुभाष नगर एवं भोपालगंज की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने प्रारंभ से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। फाइनल मुकाबले में भोपालगंज विजय रही तथा उपविजेता सुभाष नगर टीम रही। मैच में कई बार बढ़त का अंतर बदलता रहा, जिससे अंत तक परिणाम को लेकर उत्सुकता बनी रही। दोनों टीमों ने जीत के लिए भरसक प्रयास किए और शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों के दमदार रेड और सटीक टैकल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। इससे पुर्व तीसरे एवं चौथे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में आरकेआरसी एवं पुराना शहर की टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। जिसमें आरकेआरसी विजय रही। खिलाड़ियों के जोश, अनुशासन और खेल भावना ने प्रतियोगिता को यादगार बना दिया। समापन समारोह में कैलाश कोठारी, दीनदयाल मालू रतन मंडेवरा, अशोक बाहेती, प्रदीप बल्दवा, रमेश राठी, सुशील मराटिया, अनिल बांगड़, कमल सोनी, संयोजक अतुल राठी, नगर अध्यक्ष केदार जागेटिया एवं केदार गगरानी, सुरेश कचोलिया, राधेश्याम सोमानी, राजेन्द्र कचोलिया, मुकेश जागेटिया, अंकित लखोटिया, अरूण बियानी सहित माहेश्वरी समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विजेता एवं उपविजेता टीमों सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। फाइनल मुकाबले में विजेता रही भोपालगंज को 21 हजार नगद, ट्रॉफी तथा उपविजेता सुभाष नगर टीम को 11 हजार नगद, ट्रॉफी तथा तृतीय स्थान पर रही आरकेआरसी टीम को 5100 रुपए नगद, ट्रॉफी दी गई। प्रतियोगिता में मुख्य प्रभारी सुधीर बाहेती सहित आयोजन समिति के सत्येन्द्र बिरला, राजेंद्र प्रसाद बिरला, विनय माहेश्वरी, परीक्षित नामधर, कुंज बिहारी चांडक, महेश जाजू, अनिल राठी, अरविंद राठी, विपिन असावा, नवल किशोर सोमानी, हर्ष राठी, मनीष अजमेरा, निलेश सोडाणी, अंशुल ईनाणी, रचित मालू, राजेश सोमानी, का विशेष सहयोग रहा। नगर सभा पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रायोजकों, निर्णायकों, स्वयंसेवकों एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन समाज की एकता, खेल भावना और आपसी सौहार्द के संदेश के साथ हुआ।

# ग्रामीण सेवा शिविर का भांडावास से आगाज, भूमिहीन परिवारों को मिले आवासीय पट्टे

## स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याणकारी योजनाओं पर रहा फोकस



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)।** पंचायत समिति सावर की ग्राम पंचायत भांडावास में शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र ग्रामीणों को लाभान्वित करते हुए कई महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान कालबेलिया समाज के दो भूमिहीन परिवारों को आवासीय पट्टों का वितरण किया गया। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए 10 पात्र परिवारों की सूची जारी कर लाभार्थियों को योजना से जोड़ा गया।

कार्यक्रम में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही ठोस कचरा एवं अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए पंपलेट वितरित किए गए तथा अधिकारियों द्वारा उनका विमोचन किया गया।

शिविर में प्रभारी अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी मोनिका जाखड़, तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव, विकास अधिकारी संगीता व्यास, अतिरिक्त विकास अधिकारी देवकरण बेरवा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक समन्वयक प्रियंक दाधीच, सरपंच सूरजकरण मीणा तथा ग्राम विकास अधिकारी देवी सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महायज्ञ में गूंजे वैदिक मंत्र, 1.11 लाख से अधिक आहुतियां अर्पित

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**



**जसवंत पारीक।** निकटवर्ती होलीरड़ा गांव में आयोजित नवदिवसीय सप्तकुंडीय श्रीराम महायज्ञ धार्मिक अनुष्ठानों और भक्तिमय आयोजनों के साथ आगे बढ़ रहा है। शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए तथा यज्ञ में 1 लाख 11 हजार 111 आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

आचार्य गोपाल भट्ट, पंडित भगवती प्रसाद शर्मा एवं पंडित लखन शर्मा के सान्निध्य में प्रातः स्थानीय देवता पूजन के साथ अनुष्ठानों की शुरुआत हुई। इसके बाद राम-जानकी की नूतन प्रतिमाओं का उद्यापन, स्थापित देवताओं का हवन तथा श्रीहनुमान सहस्त्रनाम हवन संपन्न कराया गया। अपराह्न में नूतन प्रतिमाओं का शर्करादिवास कराया गया और सायंकाल महाआरती के साथ दिनभर के धार्मिक कार्यक्रमों का समापन हुआ।

महायज्ञ समिति के अनुसार शनिवार रात्रि 9 बजे तेजाजी महाराज मंदिर प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम में भजन गायक बालकिशन चौधरी, कृष्णा चौधरी, दिनेश नायक तथा ऑर्गेनाइजर राजू योगी एवं नृत्य कलाकार सोनू रश्मि अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# नारी चौपाल में विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने किया महिलाओं से संवाद, योजनाओं की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

**-परमेश्वर**




ग्राम पंचायत डाबला में आयोजित नारी चौपाल एवं नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने सहभागिता कर महिलाओं से संवाद किया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन सहित सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने महिलाओं की समस्याएं एवं सुझाव सुने तथा अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सशक्त महिलाएं ही आत्मनिर्भर परिवार और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर रायला भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर पारीक, एसडीएम बाबूलाल, प्रशासक प्रद्युम्न सिंह, विजेंद्र सिंह, कैलाश धाकड़, कैलाश सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जीवराज गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, महिला कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# अपेक्षाओं का त्याग ही सुख और शांति का मार्ग : आचार्य सुदर्शन मुनि

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

धर्मसभा में प्रवचन देते हुए आचार्य भगवंत सुदर्शन मुनि ने कहा कि मनुष्य के अधिकांश दुःखों का मूल कारण अपेक्षाएं हैं। व्यक्ति जब परिवार, मित्रों और समाज से अधिक अपेक्षाएं रखता है तो उनके पूर्ण नहीं होने पर निराशा, शिकायत और अशांति का जन्म होता है। इसलिए जीवन में सुख और संतोष प्राप्त करने के लिए अपेक्षाओं का त्याग आवश्यक है। आचार्य ने कहा कि आज अधिकांश रिश्ते अपेक्षाओं पर आधारित हो गए हैं। जब तक अपेक्षाएं पूरी होती रहती हैं, संबंध मधुर बने रहते हैं, लेकिन अपेक्षा टूटते ही रिश्तों में कटुता आ जाती है। उन्होंने कहा कि प्रेम, त्याग और समर्पण पर आधारित संबंध ही स्थायी सुख और शांति प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर भव्यदर्शन मुनि ने कहा कि अपेक्षा पूरी नहीं होने पर शिकायत जन्म लेती है और शिकायत से क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध मनुष्य की मानसिक शांति को नष्ट कर देता है तथा जीवन के आनंद को समाप्त कर देता है। उन्होंने कहा कि अपेक्षा, शिकायत और क्रोध की श्रृंखला से मुक्त होकर ही व्यक्ति आत्मिक सुख का अनुभव कर सकता है।आचार्यश्री ने श्रद्धालुओं से जीवन में निरपेक्ष भाव अपनाने, अपेक्षाओं को सीमित करने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने का आह्वान किया। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने प्रवचनों का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।



QUICK BITES

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान, 8 बाल श्रमिक कराए मुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग, श्रम विभाग, जिला बाल अधिकारिता विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं नवाचार संस्थान ने संयुक्त रूप से जिलेभर में बाल श्रम एवं बाल तस्करी के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया। अभियान पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में आयोजित किया गया।

अभियान में महिला थाना, मानव तस्करी विरोधी इकाई, श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं नवाचार संस्थान की टीमों ने आमजन को बाल श्रम के दुष्परिणामों और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।

नवाचार संस्थान के जिला समन्वयक जितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि जून माह में चलाए जा रहे 'एक्शन मंथ' अभियान के तहत अब तक 8 बच्चों को बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति से मुक्त कराया गया है। मुक्त कराए गए बच्चों की उम्र 8 से 17 वर्ष के बीच है, जो विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कार्य कर रहे थे। प्रारंभिक जांच में बच्चों से प्रतिकूल एवं शोषणकारी परिस्थितियों में काम कराए जाने की जानकारी सामने आई है।

अधिकारियों ने बताया कि बच्चों को मुक्त कराने के बाद संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा, मुआवजा एवं अन्य सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी जारी है। अभियान के दौरान अधिकारियों ने कहा कि बच्चों का स्थान स्कूलों में है, न कि ढाबों, कारखानों या अन्य कार्यस्थलों पर। बाल श्रम और बाल तस्करी के खिलाफ जिला प्रशासन, पुलिस एवं सामाजिक संगठनों का संयुक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## आवारा सांड के हमले में बुजुर्ग महिला घायल, लोगों में रोष

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



कस्बे में आवारा एवं निराश्रित सांडों का बढ़ता आतंक आमजन के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनता जा रहा है। शुक्रवार को बस स्टैंड क्षेत्र में पानी पिलाने का कार्य कर रही एक बुजुर्ग महिला पर आवारा सांड ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने महिला को तत्काल गंगापुर चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कस्बे में आवारा सांडों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इस संबंध में कई बार पालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए, सोशल मीडिया के माध्यम से भी मामला उठाया गया तथा समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

नागरिकों का कहना है कि आवारा सांडों के हमलों में अब तक कई बुजुर्ग, महिलाएं और राहगीर घायल हो चुके हैं। कई लोगों की हड्डियां टूटने के साथ वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे व्यापारियों और आमजन में नाराजगी बढ़ रही है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निराश्रित सांडों को गौशालाओं में स्थानांतरित करने तथा उनके सुरक्षित प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था की जाए। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो नागरिक स्वयं सहयोग राशि एकत्रित कर इस समस्या के निराकरण के लिए वैकल्पिक कदम उठाने को मजबूर होंगे। नगरवासियों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान देकर आमजन को राहत दिलाने की मांग की है।

## बिजोलिया की चार्वी विजय ने जेईई एडवांस व बिट्स यूजीईई परीक्षा में लहराया परचम

### 12वीं बोर्ड में 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर पहले ही बना चुकी हैं पहचान, अब आईआईटी का सपना होगा साकार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



कस्बे की प्रतिभाशाली छात्रा चार्वी विजय ने जेईई एडवांस (आईआईटी) एवं बिट्स यूजीईई (ट्रिपल आईटी हैदराबाद) जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता हासिल कर परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चार्वी, मुकेश एवं अनीता विजयवर्गीय की पुत्री हैं। चार्वी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर कक्षा 12वीं तक एवीएस स्कूल में अध्ययन किया और हर कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इससे पहले सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर उपखंड में प्रथम तथा जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया था।

चार्वी के दादा रामप्रसाद विजय एवं दादी तुलसी विजय ने बताया कि वह भविष्य में आईआईटी से उच्च शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि चार्वी की सफलता के पीछे उसकी मेहनत, अनुशासन, लगन और निरंतर अध्ययन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। चार्वी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवारजनों, शिक्षकों, विद्यालय स्टाफ एवं शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर खुशी जताई तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र में भी उसकी सफलता को लेकर हर्ष का माहौल है।

## भीलवाड़ा में 14 जून को होगा राष्ट्रीय शिक्षा प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थानी अरोड़ा खत्री सर्वोच्च समिति (पंजीकृत), जोधपुर के तत्वावधान में अखिल भारतीय राजस्थानी अरोड़ा खत्री समाज का द्वि-सत्रीय राष्ट्रीय शिक्षा प्रोत्साहन पुरस्कार एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 14 जून, रविवार को नगर निगम परिसर स्थित महाराणा प्रताप सभागार (टाउन हॉल) में आयोजित किया जाएगा। समारोह में देशभर से समाज की प्रतिभाओं एवं विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। भीलवाड़ा जिला शाखा अध्यक्ष एडवोकेट कैलाश अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 12:15 बजे शुरू होगा, जिसमें शिक्षा, संस्कृति, खेल एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले 500 से अधिक विद्यार्थियों और प्रतिभाओं को शिक्षा प्रोत्साहन पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए जाएंगे।

समारोह निंबार्क आश्रम के महंत मोहन शरण जी शास्त्री के सानिध्य में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. बी.पी. सारस्वत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुपम अरोड़ा मौजूद रहेंगे।

अरोड़ा ने बताया कि यह सम्मान समारोह पिछले दो दशकों से समाज के भामाशाहों के सहयोग से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। समाज के अनेक परिवार अपने पूर्वजों एवं दिवंगत परिजनों की स्मृति में विद्यार्थियों को पुरस्कार समर्पित कर शिक्षा और संस्कार की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

# भव्य कलश यात्रा के साथ चारभुजा मंदिर का 26वां पाटोत्सव एवं भागवत कथा

### मेवाड़ी संस्कृति की छटा के बीच निकली शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा पूरा क्षेत्र

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





संजय कॉलोनी स्थित श्री चारभुजा मंदिर में 26वें श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ एवं पाटोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। चारभुजा मंदिर सेवा समिति एवं महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंगल कलशों के साथ निकली शोभायात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र 'जय श्रीकृष्ण' और 'चारभुजा नाथ की जय' के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा।

कलश यात्रा में मेवाड़ की पारंपरिक संस्कृति की झलक देखने को मिली। पुरुष श्रद्धालु मेवाड़ी पगड़ी और पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए, जबकि महिलाएं लाल चुनरी की साड़ियों में सिर पर मंगल कलश धारण किए हुए शामिल हुईं। ढोल-नगाड़ों और बैंड की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु उत्साहपूर्वक नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे।

कथावाचक आचार्य शक्ति देव महाराज सुसज्जित बग्गी में विराजमान होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए।


भागवत एवं मुख्य कलश की अगवानी का लाभ रामराय गट्टानी एवं आशा देवी गट्टानी परिवार ने प्राप्त किया। शोभायात्रा चारभुजा मंदिर से रवाना होकर महेश मार्ग, नेहरू रोड और महावीर मार्ग सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कई स्थानों पर शीतल पेय और ठंडे पानी की व्यवस्था भी की गई।

कथा स्थल पहुंचने पर श्रीमद्भागवत की प्रथम आरती उतारी गई। समिति अध्यक्ष जगदीश चंद्र देवपुरा एवं मंत्री अरविंद जैन ने बताया कि पाटोत्सव के तहत प्रतिदिन शाम 7 से 10 बजे तक आचार्य शक्ति देव महाराज भागवत कथा का वाचन करेंगे। वहीं शनिवार से प्रतिदिन सुबह 8 बजे यज्ञ एवं हवन का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना करेंगे।

## भगवान की निष्काम भक्ति ही मोक्ष प्राप्ति का सरल सूत्र - डॉ. स्वामी निर्मल दास जी महाराज

### -कार्तिकेय एवं गणेश जन्म प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु -पुरषोत्तम मास की शिवरात्रि पर करें जप तप अनुष्ठान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,





पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर सनातन सेवा समिति, हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर और महामंडलेश्वर स्वामी श्री हंसराम जी उदासीन महाराज के सान्निध्य में चल रही श्रीशिव महापुराण कथक पांचवे दिवस प्रखर प्रवक्ता डॉ. स्वामी निर्मल दास जी महाराज ने भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य चरित्रों का रस पूर्ण वर्णन करते हुए विवाह के महत्व, भगवान कार्तिकेय के जन्म तथा भगवान श्री गणेश के प्राकट्य की कथाओं का अत्यंत रोचक एवं प्रेरणा दायी वर्णन किया। कथा के प्रारंभ में सामूहिक '? नमः शिवाय' मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। इसके पश्चात भजन गायक मंडली के सदस्यों जलज पाठक, नमन पांडे, सूरज मिश्रा, अरुण मिश्रा एवं स्वामी रामदास ने 'अंबे चरण कमल तेरे... 'तथा 'कोई और नहीं, भोले नाथ से निराला ,
शंभू नाथ से निराला ,कोई और नहीं...!' सहित विभिन्न भक्तिमय भजनों की मनोहारी प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा सभागार भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो गया। अपने प्रवचन में डॉ. स्वामी निर्मल दास जी महाराज ने कहा कि भगवान की निष्काम भक्ति ही मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल और श्रेष्ठ मार्ग है। जब मनुष्य बिना किसी स्वार्थ और अपेक्षा के ईश्वर की आराधना करता है, तब उसके जीवन में आत्मिक शांति, संतोष और परम कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। डॉ. स्वामी निर्मल दास जी महाराज ने कहा कि जो कथा जीवन को सही दिशा देने वाले सूत्र प्रदान करे, उसका केवल श्रवण ही नहीं बल्कि मनन और आत्मसात भी करना चाहिए। संत एवं महापुरुष मानव को परमपिता परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ, भक्ति, चिंतन, उपदेश, सत्संग और सदाचार पूर्ण आचरण के माध्यम से ईश्वर की प्राप्ति संभव है। मनुष्य को ऐसे शुभ कर्म करने चाहिए जो उसके वर्तमान और भविष्य दोनों का मार्ग प्रशस्त करें। सत्संग जीवन रूपी भवसागर से पार लगाने वाली नौका के समान है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से सत्संग, भक्ति और धर्ममय जीवन से जुड़कर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

कथा के दौरान डॉ स्वामी निर्मल दास जी महाराज ने शिव-पार्वती विवाह के उपरांत गृहस्थ जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में विवाह केवल सामाजिक बंधन नहीं, बल्कि दो आत्माओं का पवित्र आध्यात्मिक मिलन है। उन्होंने बताया कि आदर्श दांपत्य जीवन प्रेम, विश्वास, त्याग और समर्पण की भावना पर आधारित होता है तथा शिव-पार्वती का जीवन इसके सर्वोत्तम उदाहरणों में से एक है। इसके बाद भगवान कार्तिकेय के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि देवताओं की रक्षा एवं तारकासुर के अत्याचारों के अंत हेतु भगवान शिव की दिव्य शक्ति से कार्तिकेय का अवतार हुआ। कार्तिकेय ने अपनी वीरता, पराक्रम और अद्वितीय नेतृत्व क्षमता से देवताओं को विजय दिलाई। यह प्रसंग युवाओं को साहस, अनुशासन और राष्ट्रधर्म के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। भगवान श्री गणेश के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने कहा कि माता पार्वती ने अपने उबटन से गणेश जी की रचना कर उन्हें द्वारपाल नियुक्त किया था। भगवान शिव द्वारा गणेश जी का मस्तक विच्छेद तथा तत्पश्चात हाथी का शीश लगाकर उन्हें पुनर्जीवन प्रदान करने की कथा का मार्मिक वर्णन सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीगणेश जी बुद्धि, विवेक, विनम्रता और शुभारंभ के देवता हैं तथा प्रत्येक कार्य से पूर्व उनकी पूजा का विधान इसी कारण स्थापित हुआ।

कथा के दौरान बार-बार 'हर-हर महादेव' और 'जय श्री गणेश' के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालु भगवान शिव एवं उनके परिवार की दिव्य लीलाओं का श्रवण कर भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए।

पुरुषोत्तम मास की विशेष महाशिवरात्रि के अवसर पर व्रत, जप, रुद्राभिषेक एवं भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व बताते हुए कथाप्रवक्ता डॉ. स्वामी निर्मल दास जी महाराज ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में आने वाली महाशिवरात्रि इस वर्ष 13जून को आरही है। ये अत्यंत पुण्य दायी मानी गई है। इस दिन श्रद्धा एवं विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन, अभिषेक, उपवास तथा शिव मंत्रों का जाप करने से मनोकामनाओं की पूर्ति, पापों का क्षय एवं आध्यात्मिक उन्नति का लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से व्रत, पूजन एवं शिव आराधना करने का आह्वान किया। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। आज सवेरे विष्णु यज्ञ में चाँदमल सोमानी, कन्हैया मोरयानी , हरीश- निशा आडवाणी,
राजा -वर्षा टिक्यानी,
जयराम- वर्षा अभिचंदानी,
भगवान सिंह चौहान, सपत्नी, संगीत बालानी, पल्लवी वच्छानी एवं अशोक मूंदड़ा ने आहुतियां दी तथा महादेव का अभिषेक किया।


आश्रम के संत मायाराम जी एवं संत गोविंदराम जी ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल विष्णु यज्ञ, महादेव का रुद्राभिषेक तथा सायंकाल काशी की तर्ज पर भव्य गंगा आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ एवं अखंड रामधुन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ एवं पुण्य अर्जित करने का आह्वान किया।

## शाहपुरा की विश्वप्रसिद्ध फड़ कला में सजी हल्दीघाटी की गाथा , विवेक जोशी ने रंगों में जीवंत किया महाराणा प्रताप का अदम्य शौर्य

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**





राजस्थान की विश्वप्रसिद्ध शाहपुरा शैली की फड़ चित्रकला एक बार फिर इतिहास और संस्कृति के अद्भुत संगम की साक्षी बनी है। महाराणा प्रताप जयंती तथा हल्दीघाटी युद्ध के 450 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर युवा फड़ कलाकार विवेक जोशी ने अपने रंगों और पारंपरिक शैली के माध्यम से हल्दीघाटी युद्ध के रोमांचकारी दृश्यों को जीवंत कर दिया है। यह चित्र केवल एक कलाकृति नहीं, बल्कि मेवाड़ की आन-बान-शान और वीरता की अमर गाथा का दृश्य दस्तावेज बन गया है।

विवेक जोशी, देश के प्रख्यात फड़ चित्रकार शांति लाल जोशी के सुपुत्र हैं। शांति लाल जोशी को राष्ट्रपति पुरस्कार सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। उनके द्वारा निर्मित फड़ चित्र आज भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों के संग्रहालयों, एयरपोर्ट, राजकीय भवनों और सांस्कृतिक संस्थानों की शोभा बढ़ा रहे हैं। सात सौ वर्षों से उनका परिवार शाहपुरा में रहकर इस पारंपरिक कला को उसकी मौलिकता और गरिमा के साथ आगे बढ़ा रहा है।

परिवार की इस समृद्ध कलात्मक विरासत को आगे बढ़ाते हुए विवेक जोशी के भाई विजय जोशी को भी हाल ही में माननीय राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। उनकी हस्तनिर्मित चित्रकला राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट की गई, जिसने शाहपुरा की फड़ कला को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई।

चित्र में सजी हल्दीघाटी की पूरी कथा--

विवेक जोशी ने बताया कि उनकी इस विशेष फड़ चित्रकारी में हल्दीघाटी युद्ध की प्रमुख घटनाओं को क्रमबद्ध रूप से दर्शाया गया है। चित्र की शुरुआत उस प्रसंग से होती है, जब आमेर के राजा मानसिंह ने महाराणा प्रताप को वार्ता के लिए आमंत्रित किया। महाराणा प्रताप स्वयं नहीं गए और अपने पुत्र अमर सिंह को भेजा। इसे मानसिंह ने अपना अपमान माना और कहा कि अब मुलाकात युद्धभूमि में ही होगी।

इसके बाद चित्र में हल्दीघाटी का ऐतिहासिक युद्ध जीवंत हो उठता है। एक ओर महाराणा प्रताप अपनी वीर सेना के साथ हैं तो दूसरी ओर मानसिंह की विशाल मुगल सेना। युद्ध के सबसे प्रसिद्ध प्रसंग में महाराणा प्रताप अपने भाले से मानसिंह पर प्रहार करते दिखाई देते हैं, किंतु मानसिंह झुक जाने से बच जाते हैं। उसी दौरान हाथी की सूंड में लगी तलवार से महाराणा प्रताप का प्रिय अश्व चेतक गंभीर रूप से घायल हो जाता है।

चित्र में चेतक की स्वामीभक्ति का वह भावुक दृश्य भी दर्शाया गया है, जब घायल होने के बावजूद वह अपने स्वामी को सुरक्षित निकालते हुए पानी का दर्रा पार करता है। इसके साथ ही एक और मार्मिक प्रसंग चित्रित किया गया है, जिसमें महाराणा प्रताप के भाई शक्ति सिंह, जो उस समय मानसिंह की ओर से युद्ध कर रहे थे, अपने भाई की स्थिति देखकर पश्चाताप करते हैं और अंततः उनसे गले मिलते हैं। यह दृश्य केवल युद्ध नहीं, बल्कि रक्त संबंधों और आत्मसम्मान की भावना को भी अभिव्यक्त करता है।

**700 वर्षों की परंपरा को नई पीढ़ी दे रही नई पहचान--**

विवेक जोशी ने बताया कि यह वर्तमान चित्र एक अपेक्षाकृत छोटी फड़ है, जबकि इससे पहले वे हल्दीघाटी युद्ध पर 5 गुणा 12 फीट की विशाल फड़ चित्रकारी तैयार कर चुके हैं, जिसमें संपूर्ण युद्ध का विस्तृत चित्रण किया गया था। उनका उद्देश्य केवल चित्र बनाना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भारतीय इतिहास, वीरता और राजस्थान की समृद्ध लोककला से जोड़ना है। शाहपुरा की फड़ कला सदियों से लोककथाओं, देवगाथाओं और ऐतिहासिक प्रसंगों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती रही है। विवेक जोशी की यह नई कृति उसी परंपरा की सशक्त कड़ी है, जो रंगों के माध्यम से इतिहास को वर्तमान से जोड़ते हुए आने वाले समय के लिए सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण कर रही है।

# प्राकृतिक खेती ही स्वस्थ भारत की नींव- विधायक डॉ. लालाराम बैरवा

## राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन कार्यशाला में किसानों का आह्वानकृरसायनों से दूरी बनाएं, प्रकृति से जोड़ें खेती

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

धरती तभी मुस्कुराएगी, जब खेतों में जहर नहीं बल्कि जीवन उगेगा। इसी संदेश के साथ शुक्रवार को कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, अरनिया घोड़ा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती की तकनीकों, उसके लाभों तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।



कार्यशाला के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्षों से रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग ने न केवल मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित किया है, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव डाले हैं। आज कैंसर, मधुमेह और अन्य गंभीर बीमारियों के बढ़ते मामलों के पीछे भोजन की गुणवत्ता में आई गिरावट भी एक महत्वपूर्ण कारण है। इसलिए समय की मांग है कि किसान प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं पौष्टिक अन्न का उत्पादन करें।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल एक कृषि पद्धति नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ समाज निर्माण का एक व्यापक अभियान है। इससे उत्पादन लागत कम होती है, मिट्टी की जैविक क्षमता बढ़ती है और किसानों की आय में भी सुधार की संभावना रहती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे परंपरागत ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक सलाह का समन्वय करते हुए प्राकृतिक खेती को अपनाएं।

अपने संबोधन में विधायक डॉ. बैरवा ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का भी उल्लेख करते हुए प्रत्येक किसान और नागरिक से कम से कम एक पौधा अपनी माता के सम्मान में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का आधार तैयार करते हैं। यदि खेती और पर्यावरण दोनों को बचाना है तो वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाना होगा।

उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं की भी जानकारी दी और कहा कि किसानों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि प्रणाली अपनानी चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को नई सोच और नई दिशा प्रदान करते हैं।

कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र के सह आचार्य डॉ. राजेश जलवानिया ने प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक आधार पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गो-आधारित कृषि, जैविक घोल, जीवामृत, बीजामृत तथा स्थानीय संसाधनों के उपयोग से खेती की लागत कम की जा सकती है और भूमि की उत्पादक क्षमता लंबे समय तक सुरक्षित रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी में सूक्ष्म जीवों की सक्रियता बढ़ती है, जिससे फसल की गुणवत्ता और पोषण मूल्य में सुधार होता है।

इस अवसर पर डॉ. एच.एल. बुगालिया ने किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, फसल प्रबंधन तथा जैविक पोषण के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी। कृषि विभाग के कृषि अधिकारी भगवत सिंह राणावत, सहायक कृषि अधिकारी प्रवीण कुमार जावलिया एवं कृष्ण कुमार मीणा ने किसानों को विभागीय योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध सहायता के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी शंकाओं का समाधान भी प्राप्त किया। कई किसानों ने रासायनिक खेती से होने वाली बढ़ती लागत और मिट्टी की घटती उर्वरता पर चिंता व्यक्त की, जिस पर विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती को एक व्यवहारिक एवं टिकाऊ विकल्प बताया।

इस अवसर पर कृषि विभाग के कृषि पर्यवेक्षक अनिल पारीक, महेन्द्र नायक, कैलाश चंद्र माली, केदार जाट सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जीवराज गुर्जर, बालाराम खारोल तथा दयाशंकर गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और किसानों ने भी कार्यशाला में सहभागिता निभाई।

# महेश नवमी महोत्सव को भव्य बनाने की तैयारियां तेज, माहेश्वरी समाज की बैठकों का दौर जारी

## 23 जून को काछोला में निकलेगी भगवान महेश की विशाल शोभायात्रा, प्रतिभाओं और वरिष्ठजनों का होगा सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।**

तहसील माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित तहसील स्तरीय महेश नवमी महोत्सव को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश मूंदड़ा एवं काछोला अध्यक्ष सूरताराम गगरानी के नेतृत्व में 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने माण्डलगढ़ एवं बरूंदनी कस्बे में समाजजनों की बैठकें आयोजित कर महोत्सव में सहभागिता का आह्वान किया।



तहसील मंत्री ओमप्रकाश लढ़ा ने बताया कि 23 जून को काछोला में आयोजित होने वाले महेश नवमी महोत्सव में तहसील के लगभग 30 गांवों के माहेश्वरी परिवार भाग लेंगे। महोत्सव के तहत प्रातः 9 बजे भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा बैंड-बाजों एवं डीजे के साथ निकाली जाएगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे से मंचीय कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें महेश वंदना, अतिथियों का उद्बोधन, समाज की प्रतिभाओं का सम्मान, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का अभिनंदन तथा स्नेहभोज का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि महोत्सव से पूर्व 21 जून को माण्डलगढ़ कस्बे में स्वर्गीय लक्ष्मी देवी सोमानी की पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

बैठकों में पूर्व अध्यक्ष गोवर्धनलाल झंवर, मानसिंह मूंदड़ा, रमेशचंद्र बसेर, मुरली मनोहर गट्टानी, राजू मालू, परमेश्वर मंत्री, जगदीश बसेर, बजरंग मंत्री, अरविंद डागा, मुरली मूंदड़ा, शांति लाल काबरा, राधेश्याम मालू, कृष्ण गोपाल नकलक, महावीर बसेर, छीतरलाल मंत्री, गोपाल तुरक्या, सत्यनारायण भंडारी, जीवन असावा, विनोद असावा, भगवान काबरा, राजकुमार भंडारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# गौ सेवा, सनातन संस्कृति और राष्ट्र चेतना का संदेश लेकर ऊपरमाल पहुंची 12 वर्षीय पदयात्रा





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

गौ माता के संरक्षण, संवर्धन एवं सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से निकाली जा रही 12 वर्षीय अखंड भारत गौ सेवा परमार्थ पदयात्रा के ऊपरमाल क्षेत्र में प्रवेश पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। बाल योगी बलरामपुरी महाराज के नेतृत्व में संचालित यह पदयात्रा देश के 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम एवं 51 प्रमुख शक्तिपीठों का भ्रमण करते हुए जन-जन तक गौ सेवा और भारतीय संस्कृति का संदेश पहुंचा रही है। श्रवण सेन ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ 22 मई 2023 को उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग से हुआ था, जो 22 मई 2038 को मानसरोवर पहुंचकर पूर्ण होगी। यात्रा के तहत भगवान लड्डू गोपाल की रथयात्रा 10 जून को ऊपरमाल क्षेत्र में पहुंची, जहां विभिन्न गांवों में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा एवं स्वागत-सत्कार किया। 11 जून को यात्रा तिलस्वा महादेव पहुंची, जहां दर्शन-पूजन के पश्चात रात्रि में भेरूनाथ मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजनों और सत्संग के माध्यम से गौ सेवा, धर्म रक्षा और सांस्कृतिक जागरण का संदेश दिया गया। यात्रा के स्वागत एवं आयोजन में त्रिवेणी मंदिर अध्यक्ष कैलाश सेन, कोषाध्यक्ष नंदलाल सेन, उपाध्यक्ष राधेश्याम सेन, एडवोकेट जमनालाल, गोपाल सेन लाडपुरा, रावड़दा सरपंच राजकुमार सेन, भेरूलाल सेन, शंभूलाल, पप्पूलाल, अन्नू कुमार आरोली, फतेहलाल सेन, रामेश्वरलाल सेन, कमलेश सेन, तेजमल, बालू सेन, रमेश भूति, मुकेश सेन, विशाल, दिनबंधु सेन एवं गोविंद इंद्रपुरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भारतीय स्कूल बास्केटबॉल टीम की कमान शाहपुरा के मोहम्मद रज़ा खान के हाथों में, सर्बिया रवाना हुई टीम






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शाहपुरा और राजस्थान के लिए गर्व का क्षण है कि स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ी मोहम्मद रज़ा खान को वर्ल्ड स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय स्कूल बास्केटबॉल टीम का कप्तान बनाया गया है। उनकी अगुवाई में 12 सदस्यीय भारतीय टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सर्बिया रवाना हो गई है। खेल प्रेमियों को टीम से उत्कृष्ट प्रदर्शन और पदक की उम्मीद है।

भारतीय टीम रांची से दिल्ली पहुंची, जहां से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से सर्बिया के ज़लातिबोर के लिए प्रस्थान किया। टीम के साथ मुख्य कोच, सहायक कोच और फिजियो भी गए हैं। बालकों की टीम के साथ भारतीय बालिका टीम भी इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए सर्बिया पहुंच रही है।

भारतीय टीम में राजस्थान के मोहम्मद रज़ा खान और संस्कार सैनी सहित दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात एवं सीबीएसई के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। टीम के मुख्य कोच कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच कालवा राधा राव तथा फिजियो कुणाल कुमार राजकुमार चूड़ास्मा टीम के साथ रहेंगे।

13 से 22 जून तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में 32 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। भारतीय टीम को ग्रुप-एफ में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला चाइनीज ताइपे, स्लोवाकिया और चेक गणराज्य जैसी मजबूत टीमों से होगा।

## QUICK BITES

# प्रदेशव्यापी कर्मचारी जागृति यात्रा के पांचवें दिन भीलवाड़ा में गूंजी कर्मचारियों की बुलंद आवाज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) द्वारा प्रदेशभर में कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को लेकर निकाली जा रही प्रदेशव्यापी कर्मचारी जागृति यात्रा के पांचवें दिन शुक्रवार को भीलवाड़ा में कर्मचारियों का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। झालावाड़ से रवाना होकर भीलवाड़ा पहुंची यात्रा का सैकड़ों कर्मचारियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित सभा में कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए सरकार तक अपनी आवाज मजबूती से पहुंचाने का संकल्प लिया। कर्मचारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब उनकी जायज एवं वर्षों से लंबित मांगों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार के समक्ष कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों को प्रभावी ढंग से रखना है। यात्रा के दौरान महासंघ ने आरजीएचएस के निजीकरण पर रोक लगाने, सरेंडर लीव का भुगतान तत्काल जारी करने, 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष पर चयनित वेतनमान का लाभ देने, बजट घोषणाओं को लागू करने, संविदा एवं ठेका कर्मियों को नियमित करने, मंत्रालय कर्मचारियों की द्वितीय पदोन्नती पर ग्रेड पे 4200 करने, पदोन्नति में दो वर्ष की छूट बिना शर्त लागू करने तथा वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारियों जैसे आइसोलेट संवर्गों को पदोन्नति पर आर्थिक लाभ देने, होमगार्ड को 12 महीने रोजगार, महीला आंगनबाड़ी को सेवानिवृत्ति पर 3 लाख ग्रेच्युटी की बजट घोषणा को पूर्ण करने सहित 25 सूत्रीय मांग पत्र पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। यात्रा के दौरान महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जब तक मांगें पूरी नहीं होती तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर महासंघ के महामंत्री मोहनलाल शर्मा, उपाध्यक्ष अजयवीर सिंह, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शेर सिंह यादव, अधीनस्थ के ओम प्रकाश चौधरी, राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) के अध्यक्ष डॉ. रणजीत मीना, वन विभाग अध्यक्ष प्रकाश यादव, राजस्थान रोडवेज मंत्रालय अधीनस्थ संघ के महेश धाकड़, शशि कुमार शर्मा, वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रभु सिंह सहित अनेक पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष अमित व्यास ने यात्रा को मिले अभूतपूर्व समर्थन के लिए सभी साथियों का आभार व्यक्त किया और चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# विलोपित नर्सेज का वेतन अटका, एमजीएच में फूटा आक्रोश, नर्सिंग अधीक्षक और पीएमओ का घेराव


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन, भीलवाड़ा के तत्वाधान में विलोपित नर्सेज के लंबित वेतन भुगतान को लेकर शुक्रवार को महात्मा गांधी अस्पताल में नर्सिंग कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज कर्मचारियों ने नर्सिंग अधीक्षक एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) कार्यालय का घेराव कर प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों और पीएमओ के बीच वेतन भुगतान में हो रही देरी को लेकर तीखी बहस भी हुई। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली और मुख्य संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज में विलोपित चल रहे 83 नर्सेज कर्मियों के पिछले 3 महीनों के बकाया वेतन का भुगतान न होने से नाराज नर्सेज ने महात्मा गांधी अस्पताल में जमकर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को भारी संख्या में एकत्रित हुए नर्सेज कर्मियों ने सबसे पहले महात्मा गांधी अस्पताल के नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में अस्पताल परिसर में जमकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन करने के बाद नर्सेज कर्मी एक रैली के रूप में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहां भी नर्सेज ने भारी नारेबाजी करते हुए पीएमओ डॉक्टर अरुण कुमार गौड़ का घेराव कर लिया। इस दौरान माहौल काफी गरमा गया और नर्सेज नेताओं तथा पीएमओ डॉ. अरुण कुमार गौड़ के बीच तीखी बहस भी हुई। नर्सेज नेताओं ने चेतावनी दी गई है कि यदि विलोपित 83 नर्सेज कर्मियों के पिछले 3 महीनों के बकाया वेतन का अविलंब भुगतान नहीं किया गया, तो आगामी 15 जून 2026 से मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी 2 घंटे का कार्य बहिष्कार करेंगे और धरना देंगे। तथा जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक रोजाना पीएमओ ऑफिस के बाहर धरना दिया जाएगा। इस आंदोलन और कार्य बहिष्कार से अस्पताल में होने वाली किसी भी प्रकार की अव्यवस्था और मरीजों को होने वाली परेशानी की पूरी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की होगी। इस मौके पर सांवरमल सोनी, विनोद वर्मा, सोहन लाल बैरवा, गोविंद राम शर्मा, विमला व्यास, अन्नू कंवर राठौड़, मधु शर्मा, कमला पहाड़िया, आर्जुमन इरफाना, दिनेश पांडे, दीनबंधु, विश्वनाथ, मनोज कुमार धाकड़, विवेक टेलर, आशीष डीडवानिया मौजूद रहे।

# भागवत कथा में गूंजा कृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीलाओं और गोवर्धन प्रसंग ने मोहा मन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



श्री नृसिंहद्वारा मंदाकिनी मंदिर परिसर में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के रस में सराबोर हो गए। कथा प्रवक्ता स्वामी मुक्तानंद सरस्वती महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म से लेकर विभिन्न दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और प्रेम का संदेश दिया। कथावाचन के दौरान स्वामी मुक्तानंद सरस्वती महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा पूतना वध, तृणावर्त, अघासुर और बकासुर जैसे असुरों के संहार एवं उन्हें मुक्ति प्रदान करने के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, माता यशोदा को मुख में ब्रह्मांड दर्शन कराने तथा कालियानाग दमन की कथा का मनोहारी वर्णन किया। कथा में राधा और गोपियों के साथ रासलीला तथा प्रेम की महिमा का भी विस्तार से वर्णन किया गया। वहीं इंद्र के अभिमान को चूर करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा करने का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के समापन पर भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बाद में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संत-महात्माओं सहित बिजोलिया एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।